भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *240

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति

***240. श्री देबाशीष सामंतराय:**

क्या ***योजना*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आकांक्षी जिला कार्यक्रम में कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत ओडिशा राज्य के किन-किन जिलों को शामिल किया गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री देबाशीष सामंतराय द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में 10.08.2026 के लिए पूछे गए राज्य सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *240 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख) आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास तथा बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में 49 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर आकांक्षी जिलों की प्रगति की निगरानी करता है। ओडिशा में 10 आकांक्षी जिले हैं, जिनका विवरण अनुलग्नक-। में संलग्न है। आकांक्षी जिलों के प्रदर्शन की जिला-वार स्थिति चैंपियंस ऑफ चेंज पोर्टल (http://championsofchange.gov.in) पर उपलब्ध है, जो सार्वजनिक रूप से सुलभ है।

*****

अनुलग्नक – I

श्री देबाशीष सामंतराय द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में 10.08.2026 के लिए पूछे गए राज्य सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *240 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

ओडिशा में एडीपी के तहत 10 आकांक्षी जिलों की सूची

क्रम संख्या	**जिला का नाम**
1.	बालांगीर
2.	ढेंकनाल
3.	गजपति
4.	कालाहांडी
5.	कंधमाल
6.	कोरापुट
7.	मलकानगिरी
8.	नबरंगपुर
9.	नुआपाड़ा
10.	रायगढ़